## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र सरकार कल से सुशासन सप्ताह के तहत शुरु करेगा राष्ट्रव्यापी अभियान–प्रशासन गांव की ओर, झारखंड में भी व्यापक तैयारी।**
2. **झारखंड का केन्द्र पर बकाया होने के मामले में बढ़ा विवाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के दावे को बताया निराधार, झामुमो ने भाजपा पर झूठ बोलने का लगाया आरोप।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका खारिज की, ब्लैक लिस्टेड करने के एकल पीठ के आदेश को रखा बरकरार।**
4. **डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर राज्य के 23 जिलों में पुलिस ने आयोजित किया जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, जनसमस्याओं का किया गया त्वरित निष्पादन।**
5. **सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने लोकसभा में दी जानकारी, पिछले दस वर्षों में देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की संख्या में लगभग तीन सौ प्रतिशत की हुई वृद्धि।**

***************

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की ओर से कल से चौथे सुशासन सप्ताह के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर शुरु करेगा। 24 दिसंबर तक आयोजित इस अभियान की सफलता के लिए झारखंड में भी व्यापक तैयारी की गयी है। दुमका के अपर समाहर्ता राजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान विशेष शिविर लगाकर आम जनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और उनके समाधान की दिशा में पहल की जायेगी। 23 दिसम्बर को इसी विषय पर सभी जिलों में कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

***************

केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव विधेयक व्यापक विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर सहमत हो गई है। इस बीच झामुमो सांसद महुआ माजी ने कहा कि यह विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है।

इधर, भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने विपक्ष के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की प्रगति का हिस्सा बनेगा।

***************

केंद्र सरकार पर झारखंड के 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया होने के मामले को लेकर झामुमो और भाजपा के बीच विवाद बढ़ गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो के दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अगर झामुमो के पास इसे लेकर कोई ठोस प्रमाण है तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ इसे जनता के सामने रखें।

उधर, झामुमो ने इस मामले में केन्द्र सरकार के साथ ही झारखंड भाजपा पर भी हमला बोला है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को बकाया दिलाने के लिए झारखंड के भाजपा सांसदों को भी संसद में आवाज उठानी चाहिए।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी–एनआईएएमटी में एडवांस इन फाउंड्री एंड फॉर्मिंग विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन किया। इस मौके पर श्री गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और 'विकसित भारत के दृष्टिकोण और लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने 28 जनवरी को जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका खारिज कर दी है।

***************

डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर रांची को छोड़कर राज्य के सभी 23 जिलों में आज झारखंड पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम लोगों की समस्याएं सुनी गयीं और उनका त्वरित समाधान भी किया गया। खूंटी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की मानिटरिंग कर रहे आईजी एवी होमकर ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्याएं सुनी जा रही है और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

***************

मणिपुर में बढ़ रही कथित हिंसा और एक व्यवायिक समूह के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने आज रांची में राजभवन मार्च किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश ठाकुर ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

***************

गिरिडीह जिले के आकांक्षी प्रखंड जमुआ में विशेष शिविर आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

***************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने बताया कि पूरे भारत में 308 जिलों में कुल 5 सौ 22 सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार द्वारा की गई हालिया पहल के कारण सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की संख्या में लगभग तीन सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डॉक्टर मुरुगन ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान देश भर में आकाशवाणी और दूरदर्शन के 1 सौ 4 रिले स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

***************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में आने वाले कुछ दिनों में ठंड और बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 दिसंबर को राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। खासकर दक्षिणी भाग और उससे सटे मध्य भागों में बारिश हो सकती है।

***************

भारत के दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने बॉर्डर—गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के तुरंत बाद यह घोषणा की।

*******समाप्त*******